


## कंगना रनौत को प्यार में फिर मिला धोखा, क्या फिर टूटा दिल?

अक्सर चर्चा में रहने वाली बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत ने पिछले दिनों तब सनसनी मचा दी थी जब उन्होंने कहा था कि वह जल्द ही अपने प्रेमी के बारे में लोगों को बताएंगी। तभी से कयास लगाए जा रहे हैं कि आखिर कंगना रनौत किसके साथ रिलेशनशिप में हैं। अब कंगना ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा शेयर किया है जिससे ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है जैसे उनका प्यार में दिल टूट गया है। कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी में लिखा है, तेरे लिए हम हैं जिये...कितने सितम हम पे सनम। कंगना के इस पोस्ट के बाद उनके फैन्स ऐसे कयास लगा रहे हैं कि कंगना का एक बार फिर प्यार में दिल टूट गया है। खैर सच्चाई क्या है इस बारे में तो कंगना ने अभी तक कुछ भी नहीं कहा है। वैसे कंगना रनौत इससे पहले आदित्य पंचोली, अध्ययन सुमन और रितिक रोशन के साथ रिलेशनशिप में रह चुकी हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कंगना रनौत पिछली बार थलाइवी में नजर आई थीं। अब उन्होंने अपनी आने वाली फिल्मों धाकड़ और तेजस की शूटिंग भी पूरी कर ली है। इन फिल्मों के अलावा कंगना मणिकर्णिका रिटर्न्स, सीता– द इनकार्नेशन और इमर्जेंसी में भी काम करेंगी। साथ ही कंगना एक फिल्म भी प्रड्यूस कर रही हैं जिसका नाम टीकू वेड्स शेरू है।

## सलमान खान कर रहे हैं भांजी अलिजे अग्निहोत्री के बॉलिवुड लॉन्च की तैयारी

बॉलिवुड स्टार सलमान खान अभी तक कई नए लोगों को बॉलिवुड में लॉन्च कर चुके हैं। अब सलमान खान अपनी भांजी अलिजे अग्निहोत्री की बॉलिवुड लॉन्चिंग की तैयारी कर रहे हैं। अलिजे सलमान की बहन अलवीरा और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं और अपनी तस्वीरों के कारण अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। कहा जा रहा है कि सलमान अपनी भांजी का ग्रैंड लॉन्च करने वाले हैं। पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो सलमान खान अगले महीने अपनी 21 साल की भांजी अलिजे की लॉन्चिंग की घोषणा कर सकते हैं। इस फिल्म को सलमान खान के साथ अतुल अग्निहोत्री और निखिल नमित प्रड्यूस करेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि अलिजे 2 साल पहले से ही ऐक्टिंग, डांसिंग और ड्रामा की क्लासेज ले रही हैं। अब अलिजे के पैरेंट्स और सलमान को लगता है कि वह बॉलिवुड फिल्मों में कदम रखने के लिए तैयार हैं। कहा जा रहा है कि अलिजे की लॉन्चिंग में सलमान पर्सनली इंट्रेस्ट ले रहे हैं। वह अलिजे को काफी पसंद करते हैं और उनकी ट्रेनिंग की पूरी जानकारी समय–समय पर लेते रहते हैं।

## कुंडली भाग्य ऐक्टर संजय गांधी और पूनम प्रीत ने रचाई शादी



संजय और पूनम की शादी गुरुद्वारा में हुई और इन रस्मों की कई तस्वीरें सामने आई हैं। आनंद कराज की इन तस्वीरों में दूल्हा और दुल्हन के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। कुछ तस्वीरों में दोनों शादी के फेरे लेते दिख रहे हैं और कुछ में वरमाला हाथ में लिए दिख रहे हैं। गुरुद्वारा में शादी के ये रस्में ट्रेडिशनल रिचुअल्स के साथ हुईं। दोनों इस मौके पर हंसते–खिलखिलाते नजर आए। शादी के दौरान दूल्हा अपनी दुल्हन के माथे को चूमते दिखे और यह खूबसूरत पल कैमरों में भी कैप्चर हुआ।
इस जश्न के मौके पर दूल्हा अपने बारातियों के साथ जमकर डांस करते नजर आए। ऐसा लग रहा है जैसे दूल्हे ने अपनी शादी को खूब जमकर इंजॉय किया। वह लगभग सभी तस्वीरों में सुपर एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। दोनों की संगीत सेरिमनी की भी कुछ झलकियां सामने आई हैं। संगीत सेरिमनी पर अपने गेस्ट के सामने दोनों ने शानदार एंट्री मारी। दोनों ने अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के सामने शानदार डांस परफॉर्मेंस दिखाया। दिल्ली में हुई इस शादी में संजय और पूनम के कई फ्रेंड्स शामिल हुए।

# बहू गिन्नी चतरथ मुझे घर पर रहने नहीं देती



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*द कपिल शर्मा शो के लेटेस्ट एपिसोड में अभिषेक बच्चन और चित्रांगदा सिंह मेहमान बनकर पहुंचे थे। मौका था उनकी अपकमिंग फिल्म बॉब बिस्वास के प्रमोशन का। इस दौरान हमेशा की तरह जमकर मस्ती हुई। लेकिन एपिसोड में पूरा मजमा लूटकर ले गई कपिल शर्मा की मां जनक रानी। माता जी कपिल के कमोबेश हर एपिसोड में ऑडियन्स बनकर शरीक होती हैं। इस एपिसोड में भी ऐसा ही था। कपिल, अभिषेक और चित्रांगदा को अपनी से मिलवा रहे थे। इसी दौरान उनकी मां ने कुछ ऐसा कहा कि सभी की हंसी छूट गई। मां जनक रानी ने कहा कि वह शो के हर एपिसोड में आती हैं, क्योंकि बहू गिन्नी चतरथ उन्हें घर पर रहने नहीं देती।*

**बहू मुझे बैठने नहीं देती, क्या करूं**
कपिल शर्मा का सेंस ऑफ ह्यूमर जबरदस्त है। लेकिन उनकी मां का यह जवाब सुन दर्शक समझ गए हैं कि कपिल में यह क्वालिटी कहां से आई है। शो में यह बात ऐसे शुरू हुई कि कपिल ने अभिषेक और चित्रांगदा से कहा, मेरी मां मेरे पीछे पड़ी थी। कहती थी शादी कर ले, शादी कर ले। लेकिन अब जब मैंने शादी कर ली है तो वह घर पर अपनी बहू के पास नहीं बैठतीं। इस पर कपिल की मां ने कहा, बहू मुझे बैठने नहीं देती, मैं क्या करूं। माता जी की यह बात सुन ऑडियन्स के साथ ही मेहमान भी हंस पड़े।

**कपिल संग सूरत भी गई थीं मां**
कपिल की मां ने आगे कहा, वो कहती है जल्दी जाओ शो पे। वो जल्दी सूट निकाल देती है, पहले ही। ऐसे ही करदी आ। कपिल ने इस दौरान यह भी बताया कि सूरत में कौन बनेगा करोड़पति 13 की शूटिंग के वक्त भी मां उनके साथ गई थीं। उस दौरान केबीसी के होस्ट अमिताभ बच्चन ने माता जी से पूछा कि कपिल के जन्म के वक्त वह क्या खाती थीं। इस पर जवाब में मां ने कहा,



दाल फुल्के।

**गिन्नी का बर्थडे सेलिब्रेशन**
बीते दिनों 18 नवंबर को गिन्नी चतरथ का जन्मदिन था। कपिल ने अपनी पत्नी को एक बड़े से बर्थडे केक के साथ सरप्राइज दिया। उन्होंने कपकेक्स का एक वीडियो भी शेयर किया था, जिस पर गिन्नी का नाम लिखा था। कपिल और गिन्नी में कॉलेज के दिनों में ही दोस्ती हुई थी। साल 2018 के दिसंबर महीने में दोनों ने जालंधर में शादी की। कपिल और गिन्नी के दो बच्चे हैं। शादी के एक साल बाद दिसंबर 2019 में गिन्नी ने बेटी नायरा को जन्म दिया था। इसके बाद कपल को एक बेटा हुआ है, जिसका नाम त्रिशान है।

# जो कंपनी के स्टॉक के लिए पत्नी छोड़ दे वो कायर है

*बिग बॉस 15 में वीकेंड का वार एपिसोड में बहुत कुछ हुआ है। अब तक घर में जिस रितेश के लिए सभी जीजा जी, जीजा जी कर रहे थे, उसी रितेश से उमर रियाज और करण कुंद्रा उलझते दिखे। इसकी बड़ी वजह यह रही कि रितेश ने एक टास्क के दौरान पहले तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा के रिलेशन को फेक बताया, वहीं उमर रियाज को भी फेक का टैग दिया। करण और तेजस्वी जहां रितेश की बातों से आहत दिखे, वहीं जब नेहा धूपिया शो में टास्क लेकर आईं तो करण कुंद्रा और रितेश में गंदी लड़ाई हो गई। करण कुंद्रा ने रितेश को कायर बताया।*



**नेहा को करना पड़ा बीच-बचाव**
राखी–करण और रितेश की यह बहस इतनी बढ़ गई कि बीच में नेहा धूपिया को बचाव करने उतरना पड़ा। नेहा ने करण से कहा कि वह शांत हो जाएं और इसे खत्म करें। इसके बाद करण चुप हो गए और अपनी सीट पर जाकर बैठ गए।

नेहा धूपिया के सामने टास्क में करण को रितेश को प्लेकार्ड पर लिखा टैग देना था। करण ने रितेश के लिए कायर वाला टैग उठाया। करण ने इसके बाद कहा, रितेश इस घर में पहले से ही मेरे खिलाफ मुद्दा तय कर के आए हैं। वह मुझ पर और मेरे रिश्ते पर उंगली उठा रहे हैं। जो आदमी अपनी शादी छोड़कर भाग जाए। जो आदमी अपने कंपनी के स्टॉक की वैल्यू बीवी से ऊपर रखता हो और इसलिए वह पत्नी को तीन साल छोड़ दे, ऐसा आदमी मेरी नजर में कायर है। करण कुंद्रा ने इसके साथ ही रितेश को दोगला वाला टैग भी दिया।

**रितेश बोले- ये मेरा पर्सनल मामला है**
करण कुंद्रा के आरोपों पर रितेश बुरी तरह भड़क गए। उन्होंने कहा, यह मेरा पर्सनल मामला है। आपको कोई हक नहीं बनता मेरे पर्सनल मामले में दखल देने का। इस पर करण ने कहा, आपने मेरे और तेजस्वी के प्यार को फेक बताया, यह भी मेरा पर्सनल मामला है। इस पर रितेश ने कहा, मैं जो कह रहा हूं वो गेम के लिहाज से कह रहा हूं।

**राखी बोलीं- तूने लड़कियों को धोखा दिया है करण, तू भगोड़ा है**
भड़की राखी ने अनुशा दांडेकर का नाम लिए बिना करण की एक्स गर्लफ्रेंड को लड़ाई में खींच लिया। वाइल्ड कार्ड एंट्री करने वालीं राखी ने कहा, तूने सारी लड़कियों को धोखा दिया है। तू क्या साथ निभाएगा। तू भगोड़ा है। राखी ने आगे कहा, रितेश 2 साल बाद नहीं लौटा है। यह मेरी पर्सनल लाइफ है।